# केस स्टडी- 3 (नवंबर-2023)

जारी तिथि : 10.11.23

SPAD

**घटनाक्रम:-** दिनांक 02.11.23 को मध्य रेल के भुसावल मण्डल में ट्रेन क्रमांक N/BDI लोको नं. 33713 LDH + 43415 NKJ (डेड), लोड : 5317T, BPC: DRY/DDU दिनांक 21.10.23, 94.92% (BMBS 48%) सेक्शन: वर्धा – बडनेरा में कार्य करते समय गाड़ी को बडनेरा होम सिग्नल पर रोका गया (7 मिनट), सिग्नल मिलने पर गाड़ी को स्टार्ट की गई और बडनेरा मेन लाइन स्टार्टर सिग्नल (S-61) , जो कि स्टाफ चेजिंग पॉइंट था, को "ऑन" स्थिति में 17 Kmph की गति से पास कर गई (लगभग 244 मिटर, समय: 4.47 बजे) । SPM चार्ट के अनुसार आपातकालीन ब्रेक सिग्नल S-61 को ऑन में पार करने के 01 मिनट बाद (194 मीटर आगे ) 04:47 बजे लगाया गया ।

**संभावित कारण :-**

1. लोको पायलट का मुख्यालय विश्राम के दौरान घर पर गुणवत्ता वाली नींद न होने के कारण माइक्रो स्लीप (Micro-Sleep) में चला जाना ।
2. सहायक लोको पायलट का बैग पैक करने में व्यस्त रहना ।
3. कर्मीदल द्वारा स्टार्टर S-61 (लाल) के लिए हाथ के इशारे के साथ सिग्नल कॉल न करना ।
4. SPM चार्ट के अनुसार लोको पायलट द्वारा ट्रेन में ब्रेक देर से एप्लाई करना ।

**उपरोक्त घटना से सबक:-**

1. कर्मीदल द्वारा मुख्यालय विश्राम / रनिंग रूम में विश्राम के दौरान गुणवत्ता वाली नींद लेने के पश्चात ही ड्यूटि में आना चाहिए ।
2. लोको पायलट /सहायक लोको पायलट को गंतव्य स्थान में गाड़ी खड़ी होने के पश्चात ही बैग आदि पैक करना चाहिए ।
3. एक पीला सिग्नल मिलने पर सतर्कता से आगे बढ़ते हुए अगले रोक सिगनल के सिग्मा बोर्ड से ही गाड़ी को डेड-स्लो करके रुकने के लिए तैयार रहें ।
4. एक पीला सिग्नल पार करने के बाद, ALP ने LP को याद दिलाना चाहिए कि आगे सिग्नल लाल है जब तक की वह भौतिक रूप से सत्यापित नहीं कर लेता, गाड़ी की गति न बढ़ाए एवं गाड़ी की गति को हमेशा नियंत्रण में रखें ।
5. ALP बार बार हाथ के इशारे से गाड़ी रुकने तक सिग्नल लाल (Danger) है रिपीट करें व खतरे की स्थिति भांपकर, बिना झिझके RS खोलें ।

नोट: सभी CLIs अति आत्मविश्वास से कम गति पर ट्रेन नियंत्रण न करने हेतु लोको पायलट को काउंसिल करें, विशेषकर अंतिम सिग्नल पर ।




(पवन कुमार जयंत)
वरि.मं.वि.इंजि.(परि.),नागपुर

सभी मुख्य लोको निरीक्षक/मुख्य लोको नियंत्रक उपरोक्त निर्देशों को सभी लोको रनिंग कर्मचारियों को अवगत कराएं एवं कड़ाई से पालन करना सुनिश्चित करें।